प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में की हर घर् जल योजना की समीक्षा : जल जीवन मिशन के तहत परियोजना के कार्यों के थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के दिए निर्देश।
2. प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ क्षेत्र को घोषित किया नया जिला : श्रद्धालुओं को 15 दिसम्बर से मिलेगी ऐप के जरिये ई रिक्शा बुकिंग की सुविधा।
3. किसानों के दिल्ली कूच से ग्रेटर नोएडा में दिनभर रहा भारी जाम : नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण ने मांगा एक हफ्ते का समय।

और

4. अगले वर्ष 18 मई को होगी जेईई एडवांस संयुक्त प्रवेश परीक्षा।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में हर घर् जल योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घरनल से जल पहुंचाने की परियोजना के कार्यों के थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। श्री योगी ने कहा कि हर परियोजना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये जायें जो

स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर सभी काम समय से पूरा कराएं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जलापूर्ति के कार्यों के चलते खराब हुई सड़कों की मरम्मत का काम समय से पूरा कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से आवश्यक मार्ग दर्शन लिया जाए, जिसके आधार पर विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों के बारे में जानकारी ली। बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री रामकेश निषाद मौजूद रहे।

————————

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ क्षेत्र को नया जिला घोषित किया है। यह अस्थायी जिला कुंभ मेले के बेहतर प्रबंधन और प्रशासन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। चार महीने के लिये बनाये गये इस जिले में सामान्य जिले की तरह ही काम होगा। इसके लिये डीएम, एसएसपी सहित सभी विभागों के पद सृजित किये गये हैं। महाकुंभ जिले में चार तहसीलों–सदर, सोरांव, फूलपुर और करछना के सड़सठ गावों को शामिल किया गया है। वहीं महाकुंभ के लिए प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर लोकल ट्रांसपोर्ट की सुविधा देने के लिए एप के माध्यम से ऑनलाइन ई रिक्शा और ई ऑटो

बुकिंग की सुविधा भी शुरू की जा रही है। पेश है एक रिपोर्ट......

*ओला और उबर की तर्ज पर अब महाकुंभ में एप के माध्यम से ई रिक्शा और आटो बुक किए जा सकेंगे। इन ई व्हीकल्स के ड्राइवर पूरी तरह प्रशिक्षित होंगे। खास बात ये है कि सभी ड्राइवरों को यात्रियों से अच्छा व्यवहार करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिन श्रद्धालुओ को हिंदी या अंग्रेजी भाषा में दिक्कत है, उनकी सुविधा के लिए सभी ड्राइवरों को गूगल वॉइस असिस्टेंस की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। सभी ई रिक्शा और ऑटो जीपीआरएस सिस्टम से ट्रैक किए जाएंगे। इनका किराया पूरी तरह ट्रांसपेरेंट होगा, जो प्रति किमी. के हिसाब से निर्धारित किया गया है। महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पिंक टैक्सी की भी सुविधा दी जाएगी, जिसमें महिलाएं ही चालक होंगी। 15 दिसंबर से श्रद्धालु और पर्यटक इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। सरकार के इस कदम से ग्रीन महाकुम्भ की अवधारणा को भी समर्थन मिलेगा। शैलेन्द्र शर्मा, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

---

भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में भी अयोध्या, वाराणसी और आगरा कीतर्ज पर पर्यटक पुलिस के रूप में पूर्व सैनिकों की तैनाती होगी। उप निदेशक पर्यटन रवींद्र कुमार ने बताया कि इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पर्यटन पुलिस की तैनाती महापरिनिर्वाण बुद्ध मन्दिर,माथा कुंवर बुद्धमन्दिर और रामाभार स्तूप सहित कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी होगी। पर्यटक पुलिस के रूप में तैनात पूर्व सैनिक, पर्यटकों को गाइड व सुरक्षा प्रदान करने के साथ अन्य आवश्यक सहयोग भी करंगे।

---

संयुक्त किसान मोर्चे समेत अन्य किसान संगठनों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्रेटर नोएडा, नोएडा, यमुना विकास प्राधिकरण ने एक हफ्ते का समय मांगा है। किसानों के साथ कई घंटे चली वार्ता में यमुना विकास प्राधिकरण के विशेष कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र भाटिया, नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ महेंद्र प्रसाद और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी मौजूद रहे। बैठक में पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हुए। वार्ता के बाद किसानों ने प्राधिकरण के अधिकारियों की बात मानकर फिलहाल दलित प्रेरणा स्थल पर एक हफ्ते तक इंतजार करने पर सहमति दी है। आज सुबह अपनी मांगों को लेकर बड़ी संख्या में किसानों के दिल्ली की तरफ जाने से स्थानीय लोगों को भारी जाम से जूझना पड़ा। किसानों को दिल्ली मे प्रवेश से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन की टीम ने कड़े सुरक्षा इंतज़ाम किए थे। यातायात सुगम बनाने के लिए पीएसी, रैपिड एक्शन फोर्स भी लगाई गईं। वहीं किसानों के आन्दोलन को देखते हुए कई स्कूलों में कक्षाएं ऑनलाइन मोड पर चलाई गईं।

---

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय समेत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक दल को आज पुलिस ने संभल जाने से रोक दिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय इस दौरे के लिए आज सुबह ही लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय पहुंच

गये थे। संभल जाने से रोके जाने पर वह धरने पर बैठ गए। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी और हंगामा किया। पर भारी संख्या मे मौजूद पुलिसबल ने उन्हें कार्यालय से बाहर नहीं निकलने दिया। फिलहाल संभल में 10 दिसम्बर तक किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक है।

---------

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

----------

संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई एडवांस अगले वर्ष अठारह मई को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर के जेईई एडवांस दो हजार पच्चीस के आयोजन अध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा का पहला प्रश्नपत्र सुबह नौ बजे से बारह बजे तक और दूसरा प्रश्नपत्र अपराह्न ढाई

बजे से साढ़े पांच बजे तक होगा। दोनों प्रश्न पत्रों को देना अनिवार्य है।

———————

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के संगठन के चुनाव को लेकर आज लखनऊ के भाजपा मुख्यालय पर संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, प्रदेश चुनाव अधिकारी महेन्द्र नाथ पांडेय, राष्ट्रीय महामंत्री एवं राष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावडे, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह शामिल रहे। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने बताया कि यूपी में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महेन्द्रनाथ पांडेय को चुनाव अधिकारी बनाया है। उन्होंने कहा कि श्री पांडे के नेतृत्व में भाजपा संगठन की चुनाव की प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ाई जा रही है। बाइट.....

*पार्टी ने लोकतांत्रिक तरीके से हम अपने संगठन की गठन की प्रक्रिया को भी पूरा करते है और हर तीसरे वर्ष हम लोग चुनाव करते हैं अपने संगठन का अपने कार्यकर्ताओं को काम देते हैं। इस वर्ष भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश ने ढाई करोड़ से अधिक सदस्यता की है लगभग दो लाख सक्रिय सदस्य हम लोगों ने बनाए हैं। संगठन महापर्व के रूप में इस संगठन के गठन की प्रक्रिया को आरंभ किया है। उत्तर प्रदेश में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और संगठन के मरम्मत महेंद्र नाथ पांडे जी को उत्तर प्रदेश का चुनाव अधिकारी बनाया है।*

———————

गिरते भूजल स्तर को रोकने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अब मीटर लगाकर पानी की बर्बादी रोकने के

लिए कदम बढ़ाया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने जल विभाग को निर्देश दिए हैं कि पानी की बचत के लिए सभी बल्क वाटर यूजर्स यानी रिहायशी इमारतों में पानी के मीटर लगाए जाएं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग के मैनेजर प्रभात शंकर ने बताया कि ये विशेष मीटर बैटरी से चलेंगे। बाइट.....

*यह स्मार्ट मीटर है जो लेटेस्ट फीचर चल रहा है अभी एआई बेस्ड और आईओटी इनेबल्ड होंगे और ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा गवर्न होंगे। इसमें स्मार्ट मीटरिंग में है की रियल टाइम वाटर सिस्टम को ये डिटेक्ट करेगा और कंट्रोल रूम में ये बताएगा की किस सोसाइटी को हम कितना पानी दिए और ये विदाउट पावर चलेगा इसमें किसी पावर की जरूरत नहीं होगी क्योंकि ये सिम ऑपरेटर रहेगा।*

———————————

गोरखपुर में चल रही महंत अवैद्यनाथ अखिल भारतीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आज दूसरा दिन है। इस प्रतियोगिता में देश की 12 टीमें हिस्सा लें रही हैं। प्रतियोगिता में विजेता टीम को दो लाख रुपये और उपविजेता को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जएगा। इसके अलावा दो टीमों को 50–50 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट......

*महंत अवेद्यनाथ प्राइज मनी कबड्डी प्रतियोगिता में आज 9 ग्रुप मैच खेले गए, जिसमें 12 टीमों ने भाग लिया कल नॉक आउट मैच खेला जाएगा। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 1 दिसंबर को खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया था। इसका समापन 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। गिरीश नारायण चौबे आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।*

———————

लोक निर्माण विभाग ने वाराणसी मंडल के लिए 15 सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा है। 268 करोड़ से वाराणसी, चंदौली, जौनपुर और गाजीपुर में ये सड़कें बनाई जाएंगी। इन की लंबाई 124 किलोमीटर से ज्यादा होगी। सड़कें बनने के बाद इन मार्गों पर यातायात व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। इनमें जौनपुर में पांच, चंदौली में चार और गाजीपुर तथा वाराणसी में तीन तीन सड़कें बनाई जाएंगी। पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता अभिनेश कुमार ने बताया कि सर्वे करने के बाद इनकी डीपीआर तैयार की जा चुकी है। प्रस्तावित 13 सड़कों का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है और दो के लिए प्रस्ताव बाद में भेजा जाएगा।

(समाप्त)